॥ चाल चाल आदीश्वर भेटो, सिद्धगिरी चालो रे के कर्म खपावो रे ॥ ए आंकणी ॥ चैत्र वदी आठम दिन जायो, मारुदेवी मातारे ॥ नाभिके तुम नंद कहावो, जग सुख दातारे के सिद्धगिरी चालोरे ॥ चाल० ॥१॥ संजम लेइ प्रभु कर्म खपायो, राग द्वेष नही कीनोरे ॥ प्रथम तिर्थंकर केवल पामी, दरीसन दीनोरे

के सिद्धगिरी चालोरे ॥ चाल० ॥ २ ॥ सोरठ सम तीरथ नहीं जगमें, श्री सिद्धांते भांख्यो रे ॥ नाम एकवीस महा गुणवंता, दीलमें राखोरे के ॥ सिद्ध० ॥ ३ ॥ बालक युवा वृद्ध नरनारी, सबही चढता हांफेरे ॥ हिंगलाज देवीरी घाटी, देखत कांपेरे के सिद्ध० ॥ चाल० ॥ ४ ॥ आदिश्वर दरिसन द्यो अबतो, आयो शरण तुमारे रे ॥ भव सागरथी पार उतारो, जाउ बलिहारी रे के ॥ सिद्ध० ॥ चाल० ॥ ५ ॥ श्री शुभ चिंतक जैन सभासद, दास मंडळी गावे रे ॥ निनाणु जात्रा करवारी भावना भावे रे के सिद्ध० ॥ चाल० ॥ ६ ॥ इति ॥

---

१ श्री आदिनाथजीनी आरति.

जय जय आरती आदि जिणंदा, नाभिराया मरुदेवीको नंदा–जय जय० ॥१॥ पहेली आरति पूजा कीजे, नरभव पामीने लाहो लीजे–जय जय० ॥२॥ दूसरी आरति दीन दयाळा, धुलेवामंडन प्रभु जग अजवाळ्या–जय जय० ॥३॥ तीसरी आरति त्रिभुवन देवा, सुर नर इंद्र करे तोरी सेवा–जय जय० ॥ ४ ॥ चोथी आरति चउगति चुरे; मनवंछित फळ शिवसुख पुरे–जय जय० ॥५॥ पांचमी आरति पुन्य उपावे, मूळचंद्र रीखव गुण गावे–जय जय० ॥ ६ ॥

---

२ श्री आदिनाथनजीनी आरति.

अपछरा करती आरति जिन आगे, हांरे जिन आगे रे जिन आगे; हांरे ए तो अविचळ सुखडा मागे, हांरे नाभिनंदन

पास—अपछरा०॥१॥ ता थेई नाटक नाचती पाय ठमके, हांरे दोय चरणे झांझर झमके, हांरे सोवनमय घूघरी घमके, हांरे लेती फूदडी बाळ—अपछरा०॥२॥ ताळ मृदंगने वासळी डफ वीणा, हांरे रुडा गावंती स्वर झीणा; हांरे मधुर सुरासुर नयणां, हांरे जोती मुखडुं निहाळ—अपछरा०॥३॥ धन्य मरु-देवी मातने प्रभु जाया, हांरे जेनी कंचनवरणी काया; हांरे में तो पुरण पुन्ये पाया, हांरे देख्यो प्रभुनो देदार—अपछरा०॥४॥ प्राणजिवन परमेश्वर प्रभु प्यारो, हांरे हूं तो सेवक छु जिन तारो; हांरे भवोभवना दुखडां वारो, हांरे तुं छे दीनदयाळ—अपछरा०॥५॥ सेवक जाणी आपनो चित धरजो, हांरे मारी आपदा सघळी हरजो; हांरे मुनि माणेक सुखीयो करजो, हांरे जाणी पोतानो बाळ—अपछरा० ॥६॥

---

३ श्री शांतिनाथजीनी आरति.

जय जय आरति शांति तुमारी, तोरा चरण कमळ कीं में जाऊं बलिहारी-जय जय० ॥ १ ॥ विश्वसेन अचिराजीके नंदा, शांतिनाथ मुख पुनम चंदा—जय जय० ॥२॥ चालिश धनुष्य सोवनमय काया, मृगलछंन प्रभु चरण सोहाया—जय जय० ॥३ ॥ चक्रवर्ती प्रभु पंचम सोहे, सोलमा जिनवर जग सहु मोहे—जय जय० ॥४॥ मंगल आरती तोरी कीजे, जन्मोजन्मनो लाहो लीजे—जय जय० ॥५॥ कर जोडी सेवक गुण गावे, सो नरनारी अमरपद पावे—जय जय० ॥ ६ ॥

---

४ श्री पार्श्वनाथजीनी आरति.

सकळ मंगळकारी, त्रिभुवन उपगारी; दुर्गति दूर निवारी, वरिया शिवनारी–जयदेव! जयदेव! ॥१॥ तुज मूरति बहुसारी, लागे मुज प्यारी; झगमग ज्योति भारी, मोहे सुर नारी–जय० ॥ २ ॥ तीन जगतराया, वामाए जाया; अश्वसेन घर आया, नीलवरण काया–जय० ॥ ३ ॥ पार्श्वनाथ नामी, चिंतामणी स्वामी, करुं आरती शिर नामी, मूज अंतरजामी–जय०॥४॥ कमठको हठ वामी, ज्ञान केवळ पामी; भक्तनमन विशरामी, भये सिद्ध स्वामी—जय० ॥ ५ ॥ तुज गुण हुं रसियो, मुज मन तुं वसियो; तुज मयाथकी उल्लासियो गुण गावा धसमसियो जय० ॥ ६ ॥

---

५ श्री वर्द्धमानजीनी आरति.

श्री सरस्वती माई, कृपा करो आई; सरस वचन सुख दाई, द्या मुज चतुराई–जयदेव, जयदेव ॥ १ ॥ श्रीवर्द्धमान देवा, जगमां नहि एवा; पातक दूर करेवा, करे इंद्र सेवा–जय० ॥२॥ रत्नत्रय राया, त्रिशलाना जाया; सिद्धारथकुळ आया, कंचनमय काया–जय० ॥ ३ ॥ शासन बहु सारो, लागे मुज प्यारो; संकट दूर निवारो, भवसायर तारो–जय० ॥ ४ ॥ त्रिभुवन तुम स्वामी, कर्ममेल वामी; केवळज्ञान सुपामी, शिवपुरना स्वामी –जय० ॥ ५ ॥ भवआरत टाळो, नेहनजर न्याळो; मया करी मुज उपर, कृपा करी मुज उपर, मुज कर तुम झालो–जय० ॥६॥

---

६ ॥ अथ आरति ॥

विविध रत्नमणी जडित रचावो, थाळ विशाळ अनोपम लावो ॥ आरति उतारो प्रभुजीने आगे, भावना भावि शिवसुख मागे ॥ आ० ॥ १ ॥ सात चौद ने एकवीस भेवा, त्रण त्रण वार प्रदक्षिणा देवा ॥ आ० ॥ २ ॥ जीम जीम जळधारा देई जंपे, तिम तिम दोहग थरहर कंपे ॥ आ० ॥ ३ ॥ बहू भव संचित पाप पणासे, द्रव्य पुजार्थी भाव उल्लासे ॥ आ० ॥ ४ ॥ चौद भुवनमां जीनजीने तोले, कोई नहीं आरति इम बोले ॥ आ० ५ ॥

---

१ ॥ अथ मंगल दीपक ॥

दीवोरे दीवो मंगळिक दीवो; भुवन प्रकाशक जिन चिरंजीवो ॥ दीवो० ॥ १ ॥ चंद सुरज प्रभु तुम मुख केरां, लुंछन करता दे नित्य फेरा ॥ दीवो० ॥२॥ जिन तुज आगल सुरनी अमरी; मंगलदीप करी दिये भमरी ॥ दीवो० ॥३॥ जिम जिम धुप घटी प्रगटावे, तिम तिम भवनां दुरित दझावे ॥ दीवो० ॥ ४ ॥ नीर अक्षत कुसुमांजलि चंदन, धुप दीप फल नैवेद्य वंदन ॥ दीवो० ॥ ५ ॥ एणी परें अष्ट प्रकारी कीजें, पूजा स्नात्र महोत्सव पभणीजें ॥ दीवो० ॥ ६ ॥

---

२ मंगळ दीवो.

दीवो रे दीवो मंगळिक दीवो; आरति उतारण बहु चिरंजिवो–दीवो० ॥ १ ॥ सोहामणुं घेर पर्व दीवाळी; अंबर खेले

अमरावाळी–दीवो० ॥ २ ॥ दीपाळ भणे एणे कुळ अजुआळी; भावे भक्त वदन निहाळी–दीवो० ॥ ३ ॥ दीपाळ कवि कहे इण कलिकाले; आरति उतारी राजा कुमारपाले–दीवो० ॥ ४ ॥ अम घेर मंगळिक तम घेर मंगळिक; सकळ संघ घेर मंगळिक होजो–दीवो० ॥ ५ ॥

---

३ चार मंगळ.

चारो मंगळ चार, आज घेर प्रभुजी पधार्या.
पहेले मंगळ प्रभुजीने पूजुं, घसी केशर घनसार–आज० १
बीजे मंगळ अगर उखेवुं, कंठ ठवुं फूलहार–आज० २
त्रीजे मंगळ आरति उतारूं, घंट बजावुं रणकार–आज० ३
चौथे मंगळ प्रभुगुण गाऊं, नाचुं थेई थेईकार–आज० ४
रूपचंद कहे नाथ निरंजन, चरण कमळ बलिहार–आज०५

५ हिंदी विभाग.

॥ मङ्गलाचरण ॥

मंगलं भगवान् वीरो, मंगलं गौतमः प्रभुः ॥
मंगलं स्थूलभद्राद्या, जैनधर्मोऽस्तु मंगलं ॥ १ ॥

सुदेव, सुगुरु, और सुधर्म पर शुद्ध श्रद्धान होना सोही सम्यक्त्व है ।

१ सुदेव, श्री अरिहन्त सर्वज्ञ १२ गुण सहित और राग द्वेषादि १८ दूषणोंसे रहित सोही देव हैं ।

२ सुगुरु, पंच महाव्रतके धारक, कनक कामिनीके त्यागी, निग्रन्थ सर्वज्ञ प्रणित धर्मके उपदेशक सोही गुरु हैं ।

३ सुधर्म, अनेकान्त (स्याद्वादमय) केवली भगवानका कथन किया हुआ दयायुक्त सर्व जीवोंको हितकारक सोही धर्म है ।

उपरोक्त तत्त्व त्रयके श्रद्धानको सम्यक् दर्शन कहते हैं सो धारने योग्य है इनसे विपरीत कुदेव, कगुरु, और कुधर्मके ऊपर श्रद्धानको मिथ्यात्व कहते हैं सो त्याज्य हैं. सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान, और सम्यक् चारित्र यह मोक्षका मार्गहै ।

---

२ प्रकारके पदार्थ.

धर्म दो प्रकारका है—१ श्रुत धर्म और २ चारित्र धर्म.

चारित्र धर्म दो प्रकारका है-१ देश विरति (श्रावक धर्म) २ सर्व विरति (मुनि धर्म).

राशि दो प्रकारकी है—१ जीव राशि (चैतन्य) और २ अजीव राशि (जड).

जीव दो प्रकारके हैं मुक्त और संसारी-१ मोक्षके जीव, जो अष्टकर्मोंसे रहित हैं. २ संसारी जो अष्ट कर्मोंके वश सुख दुःख भोगते हैं और जन्म मरण करते हैं. संसारी जीव दो प्रकारके होते हैं. १ भव्य (जो मोक्षको जा सकते हैं); २ अभव्य (जो मोक्षमें कभी नहीं जायंगे).

मनुष्य दो प्रकारके होते है, धर्मी और अधर्मी— १ धर्मी मनुष्य जोकि दयावान, जीवोंकी रक्षा करता है । २ अधर्मी (पापी) मनुष्य जोकि निर्दय, जीव हिंसा करता है

जो जीवोंको सुख देता है, वह सुखी होता है। जो जीवोंको दुःख देता है, (हिंसा करता है) वह पर जन्ममें दुःखी होता है।

अथवा—सज्जन (दूसरेका हित चाहनेवाला परोपकारी)

दुर्जन (दूसरेका बुरा चाहनेवाला खुद गर्जी)

नय दो प्रकार हैं:—१ द्रव्यार्थिक (नित्य) और २ पर्यायार्थिक (अनित्य)

१ निश्चय नय और २ व्यवहार नय.

१ ज्ञान नय और २ क्रिया नय.

वचन दो प्रकारके–१ उत्सर्ग (विधि रूप) और २ अपवाद [कारणरूप]

गंध दो प्रकारके–१ सुरभि गंध और २ दुरभि गंध.

तीन प्रकारके पदार्थ

तत्त्व त्रय (तत्त्व ३ प्रकारके) सुदेव, सुगुरु, और सुधर्म.

रत्न त्रय (भाव रत्न ३ प्रकारके) सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान, और सम्यक चारित्र.

योग त्रय (योगके ३ प्रकार.) मन योग, वचन यो ग, औ काय योग.

करण त्रय (करणके ३ प्रकार) करना, कराना और अनुमोदन (प्रशंसा) करना.

आत्म त्रय (आत्माके ३ प्रकार.)

बहिरात्मा, अन्तरात्मा, और परमात्मा.

दृष्टि त्रय (दृष्टिके ३ प्रकार.)सम्यक दृष्टि,मिथ्यादृष्टि और मिश्रदृष्टि.

त्रिपदी–उत्पाद (उत्पन्न होना) व्यय (नाश होना) और ध्रुव (स्थिर रहना).

काल त्रय–भूत, (गत काल) भविष्य (अनागत काल) और वर्त्तमान (वर्त्तता काल .

वस्तु तीन प्रकारकी हैं–हेय (त्याग करने योग्य) ज्ञेय (जानने योग्य) उपादेय (आदरने योग्य)

वाणिज्य कर्म तीन प्रकारका.

असि (तलवार) [राजशासन] मसि (स्याही कलम) [व्यापार धंदा] कसी (कृषि) [खेती कर्म]

आहार ३ प्रकारके–ओजः आहार, [गर्भमें लेता है] रोम आहार, [रोमके रास्ते छः दिशिका आहार] कवल आहार. [मुंहसे खाना].

वेद त्रय [वेद ३ प्रकारके हैं] पुरुष वेद, स्त्री वेद, और नपुंसक वेद.

मनुष्य ३ प्रकारके–१५ कर्म भूमिक, ३० अकर्म भूमिके, ५६ अन्तर द्वीपके.

गुप्ति ३ प्रकारकी–मनगुप्ति, वचनगुप्ति, और कायगुप्ति.

चार प्रकारके पदार्थ.

धर्म ४ प्रकारका–दान, शील, तप और भाव.

पुरुषार्थ ४ प्रकारके–धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष.

संघ ४ प्रकारके–साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका.

निक्षेप ४ प्रकारके–नाम निक्षेप, [नाममात्र] स्थापना निक्षेप, [मूर्ति] द्रव्य निक्षेप, [होनेवाला] और भाव निक्षेप, [विद्यमान]

दान ४ प्रकारके–आहारदान, अभयदान, विद्यादान और औषधदान.

गति ४ प्रकारकी–देवगति, मनुष्यगति, तिर्यंचगति और नरकगति.

अपेक्षा ४ प्रकारकी–द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव.

कषाय ४ प्रकारके–क्रोध, मान, माया और लोभ.

कर्म बंध ४ प्रकारके–प्रकृति बंध, स्थिति बंध अनुभाग बंध और प्रदेश बंध.

अनुयोग ४ प्रकारके–द्रव्यानुयोग, (पदार्थज्ञान–वस्तुस्वरूप) गणितानुयोग, (गणितशास्त्र) धर्मकथानुयोग, (महत्पुरुषो चरित्र) चरण करणानुयोग, (किया विधि).

विकथा ४ प्रकारकी–राजकथा, देशकथा, स्त्रीकथा और भोजनकथा.

ध्यान ४ प्रकारके–आर्तध्यान, रौद्रध्यान, धर्मध्यान और शुक्ल ध्यान. तथा पिण्डस्थ, (स्वात्म चिन्तन) पदस्थ, (नवकारादि मंत्राक्षर) रूपस्थ (जिनेद्रकी प्रतिमा) और रूपातीत. (अमूर्तसिद्ध).

पुद्गलोंके ४ गुण–वर्ण, गंध, रस और स्पर्श.

वर्ण ४ प्रकारके–ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शुद्र.

भावना ४ प्रकारकी–मैत्री भावना, (प्राणीमात्रका हित

चाहना) २ प्रमोद भावना, (गुणीको देख खुश होना) ३ करुणा भावना, (दुःखीके दुःखको दूर करनेकी इच्छा) ४ मध्यस्थ भावना, (दूसरेके दूषणोकी उपेक्षा करनी).

आहार ४ प्रकारके–अशन (अन्न) पान (पानी) खादिम (मेवा आदि) स्वादिम (मूख वास ताम्बूल आदि)

त्यागने योग्य चार महा विगय—मदिरा, मांस, मधु और माखन.

संज्ञा चार प्रकारकी—आहार संज्ञा, भय संज्ञा, मैथुन संज्ञा और परिग्रह संज्ञा.

दिशा ४ प्रकारकी[1]—पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण.

विदिशा ४ प्रकारकी–ईशान, अग्नि, नैऋत्य और वायव्य.

देवता चार जातिके—भुवनपति, व्यन्तर, ज्योतिषी और वैमानिक.

---

५ प्रकारके पदार्थ.

पंच कल्याणकके नाम—च्यवन (गरभ) कल्याणक, जन्म कल्याणक, दीक्षा कल्याणक, केवल कल्याणक और निर्वाण [मोक्ष] कल्याणक.

पंच महाव्रतके नाम—प्राणातिपात विरमण, मृषावाद विरमण, अदत्तादान विरमण, अब्रम्ह (मैथुन) विरमण, परिग्रह विरमण.

पांच सम्यक्त्वके नाम—उपशम सम्यक्त्व, क्षयोपशम

---

१ उर्ध्व और अ:ध इनके मिलानेसे दश दिशा कही जाती है।

सम्यक्त्व, क्षायक सम्यत्क्व, सास्वादन सम्यक्त्व और वेदक सम्यक्त्व.

पांच प्रकारके मिथ्यात्वके नाम—आभिग्रहिक मिथ्यात्व, अनाभिग्रहिक मिथ्यात्व, आभिनिवेशिक मिथ्यात्व, संशयिक मिथ्यात्व और अनाभोगिक मिथ्यात्व.

पांच ज्ञानके नाम—मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्यवज्ञान और केवलज्ञान.

दानके पांच भेद—सुपात्रदान अभयदान, अनुकंपादान कीर्तिदान, और उचितदान.

प्रमाद पांच—मद्य, विषय, कषाय, निद्रा और विकथा.

शरीर पांच–औदारिक, वैक्रिय, आहारक, तैजस और कार्मण.

इन्द्रिय पांच–स्पर्श (त्वक्), रसना (जिव्हा), घ्राण (नाक), चक्षु (आंख) और श्रोत्र (कान).

वर्ण पांच–सपेद, लाल, नीला, पीला और श्याम.

रस पांच–कडवा, कसायला, खट्टा, मधु (मीठा) और तिक्त (चरका)

तिर्यंचके पांच भेद–जलचर, स्थलचर, खेचर, उरपरिसर्प और भुजपरिसर्प.

समिति पांच–इर्यासमिति, भाषासमिति, एषणासमिति, आदानभंडमतनिक्षेपणासमिति, और पारिष्ठापनिकासमिति.

समवाय (कारण)पांच–काल, स्वभाव, नियति, कर्म (पूर्वकृत), और पुरुषाकार (उद्योग)

प्रतिक्रमण पांच–राई, देवसि, पाक्षिक, चौमासी और संवच्छरी.

स्वाध्याय पांच–वांचना, पृच्छना, परावर्तना, अनुप्रेक्षा धर्मकथा.

---

६ प्रकारके पदार्थ.

षट् द्रव्य–धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय, आकाशास्तिकाय, जीवास्तिकाय, पुद्गलास्तिकाय, और काल.

श्रावकके षट् कर्म–देवपूजा, गुरुसेवा, स्वाध्याय, संयम (सामायिकादि) तप (पच्चक्खानादि) और दान (सुपात्रादि).

षट् आवश्यक–सामायिक, चउविसत्था, वंदना, पडिक्कमणा, काउसग्ग और पच्चक्खान.

षट् ऋतु–१ वसन्त, (चैत्र–वैशाख) २ ग्रीष्म, (ज्येष्ट–आषाढ) ३ वर्षा, (श्रावण–भाद्रपद) ४ शरद, (आश्विन–कार्तिक) ५ शिशिर, (मार्गशीर्ष–पौष) ६ हेमन्त. (माघ–फाल्गुण)

छः पर्याप्ति–आहारपर्याप्ति, शरीरपर्याप्ति; इन्द्रियपर्याप्ति, श्वासोश्वासपर्याप्ति, भाषापर्याप्ति और मनपर्याप्ति.

छः लेश्या,—कृष्ण लेश्या, नील लेश्या, कापोत लेश्या, तेजो लेश्या, पद्म लेश्या और शुक्ल लेश्या.

छः विगई—घी, तेल, दूध, दहिं, गुडशकर और कडाय विगइ [पक्कान्न.]

षट् रस–मीठा, खट्टा, तीखा, कडवा, कसायला और खारा.

षट् काय—पृथ्वीकाय अप्काय, तेऊकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय.

षट् भाषा—संस्कृत, प्राकृत, मागधी, शौरसेनी; अपभ्रंश; और पैशाची.

षट् मत-जैन, बौद्ध, नैयायिक, सांख्य, वैशेषिक और जैमिनी.

छः अष्टाह्निका पर्व—कार्तिक चौमासी, फाल्गुन चौमासी, आषाढ चौमासी, आश्विन नवपद ओली, चैत्र नवपद ओली और पर्युषण पर्व.

छः संघयण—वज्रऋषभनाराच संघयण, ऋषभ नाराच संघयण, अर्द्धनाराच संघयण, कीलिका संघयण, और सेवार्त संघयण.

छः संस्थान—समचतुरसंस्थान, न्यग्रोधसंस्थान, सादिसंस्थान, वामनसंस्थान, कुब्जसंस्थान और हुंडकसंस्थान.

---

७ प्रकारके पदार्थ.

सात क्षेत्र—साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका, चैत्य, प्रतिमा और ज्ञान.

सात भय—इहलोक भय, परलोक भय, आदान भय, अकस्मात भय, वेदना भय, मरण भय और अपयश भय.

सात नय—नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द, समभिरूढ और एवंभूत.

सप्त भंगी—स्यादस्ति, स्यान्नास्ति, स्यादस्ति नास्ति, स्या-

द्ऽवक्तव्य, स्यादस्ति अवक्तव्य, स्यान्नास्ति अवक्तव्य और स्यादस्ति नास्ति अवक्तव्य.

सात कुव्यसन—जूआ, मांसभक्षण, सुरापान, वेश्यागमन, शिकार, [जीवहिंसा] चौरी करना और परदारा सेवन.

सात नरकके नाम तथा गोत्र.

नाम.	गोत्र.	नाम.	गोत्र.
१ घम्मा	१ रत्नप्रभा.	५ रिठा	५ धूम प्रभा.
२ वंशा	२ शर्कर प्रभा.	६ मघा	६ तम प्रभा.
३ सेला	३ वालुक प्रभा.	७ माघवति	७ तमस्तम प्रभा.
४ अंजणा	४ पंक प्रभा.		

सात वारके नाम—रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार.

८ प्रकारके पदार्थ.

आठ कर्म—ज्ञानावरणीय कर्म, दर्शनावरणीय कर्म, वेदनीय कर्म, मोहनीय कर्म, आयुःकर्म, नाम कर्म, गोत्र कर्म और अंतराय कर्म.

आठ मद—जातिमद, लाभमद, कुलमद, रूपमद, तपमद, बलमद, ज्ञानमद और ऐश्वर्यमद (प्रभुता.)

आठ स्पर्श—हलका, भारी सुंहारा (मुलायम), खरखरा, शीत, उष्ण, चिकटा और रूक्ष (लुका).

आठ प्रातिहार्य—अशोक वृक्ष, देवकृत पुष्प वृष्टि, दिव्य ध्वनि, चामर, सिंहासन, भामंडल, दुंदुभि और छत्र त्रय.

अष्टप्रकारकी पुजा—न्हवण (जल), विलेपन (केशर

चंदन), पुष्प, धुप, दीपक, अक्षत (चावल), नैवेद्य, (मिठाई) और फल.

---

९ प्रकारके पदार्थ.

नव तत्त्व—जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आश्रव, संवर, निर्जरा, बंध और मोक्ष.

नव अंगकी पूजा—१ चरण, २ घूंटण, ३ पोंचा, ४ खंभा, ५ मस्तक, ६ ललाट, ७ कंठ, ८ हृदय और ९ नाभि.

पुण्य नव प्रकारके—१ अन्न देनेसे. २ जल देनेसे. ३ स्थान देनेसे. ४ सोनेको पाटप्रमुख देनेसे. ५ वस्त्र देनेसे. ६ मनसे शुभ संकल्प करनेसे. ७ वचनसे स्तुति करनेसे. ८ कायासे सेवा करनेसे. ९ नमस्कार करनेसे.

---

१० प्रकारके पदार्थ

दश प्रकारका यति धर्म–१ क्षमा, २ मार्दव (कोमलता), ३ आर्ज्जव (सरलता), ४ निर्लोभ, ५ तप, ६ संयम, ७ सत्य, ८ शौच (क्रियाशुद्धि) ९ आकिंचन (निष्परिग्रह) और १० ब्रह्मचर्य.

दशकल्पवृक्षोंके नाम.

१ मतंग–मधुके समान पानी देवे.

२ भंग–सोने चांदीके भाजन देवे.

३ तुर्यांग–बत्तीस प्रकारके नाटक देवे.

४ ज्योतिरंग—सूर्यके सदृश प्रकाश देवे.
५ दीपांग—दीपकके सदृश प्रकाश देवे.
६ चित्रांग—छओं ऋतूओमें पांच वर्णके पुष्प तथा माला देवे.
७ चित्ररसा—षट्रस भोजन देवे.
८ मणितांग—आभुषण देवे.
९ गेहाकार—घर, आवास देवे.
१० अनितांग—वस्त्र शय्यादेवे.

दश पच्चखानके नाम व उनके फल.

१ नवकारसीसे—एक सौ वर्षका नरकायू टूटता है.
२ पोरसीसे—एक हजार वर्षका नरकायु टूटता है.
३ साढ—(डेड) पोरसीसे—दश हजार वर्षका नरकायु टुटता है.
४ पुरीमुढ (दोपोरसी) से—-एक लाख वर्षका नरकायु टूटता है.
५ एकाशनसे—दश लाख वर्षका नरकायु टुटता है.
६ नीवीसे—एक क्रोड वर्षका नरकायु टुटता है.
७ एकलठाणेसे—दश क्रोड वर्षका नरकायु टुटता है.
८ एकल दांतीसे—सौ क्रोड वर्षका नरकायु टुटता है.
९ आयंबिलसे— हजार क्रोड वर्षका नरकायु टुटता है.
१० उपवाससे— दश हजार क्रोड वर्षका नरकायु टुटता है.

---

११ प्रकारके पदार्थ.

श्रावककी ग्यारह प्रतिमा.

१ दर्शन (समकित) प्रतिमा, २ व्रत प्रतिमा, ३ सामा-

यिक प्रतिमा, ४ पोषध प्रतिमा, ५ कायोत्सर्ग [अभिग्रह विशेषरूप] प्रतिमा, ६ मैथुन वर्जन प्रतिमा, ७ सचित वर्जन प्रतिमा, ८ स्वयम् आरंभ वर्जन प्रतिमा, ९ प्रेष्य [अन्य सेवकादि पाससे भी] आरंभ वर्जन प्रतिमा, १० अशनादिक [अपने निमित्त किया हुआ भोजन वर्जन] प्रतिमा, ११ श्रमण भूत- मुनिवत वर्तन प्रतिमा.

१२ प्रकारके पदार्थ.

द्वादशांग-१२ अंगसूत्र-१ आचारंग सूत्र, २ सुयगडांग [सूत्रकृतांग] सूत्र, ३ ठाणांग [स्थानांग] सूत्र, ४ समवायांग सूत्र, ५ भगवती [विवाहप्रज्ञप्ति] सूत्र, ६ ज्ञाता धर्मकथा सुत्र, ७ उपासक दशांग सुत्र, ८ अंतगड [अंतकृत] सुत्र, ९ अनुत्तरोववाई [अनुत्तरोपपातिक] सत्र, १० प्रश्न व्याकरण सूत्र, ११ विपाक श्रुतांग सूत्र, १२ दृष्टिवाद अंगसूत्र. *

समवसरणकी बारह परिषद्.

अग्निकूणमे-१ साधु, २ वैमानिक देवी, ३ साध्वी.

नैर्ऋतकूणमे—१ भुवनपति, २ वाणव्यंतर, ३ ज्योतिष्क तीनों जातिके देवताकी देवी.

वायव्यकूणमे-१ भुवनपति, २ वाणव्यंतर, ३ ज्योतिष्क तीनों जातिके देव.

ईशानकूणमे-१ श्रावक, २ श्राविका, और ३ वैमानिक देव.

* बाईरमां दृष्टिवाद अंग विच्छेद हो गया। वर्तमानमें ग्यारह अंग है.

श्रावकके बारह व्रत.

१ स्थूल प्राणातिपात विरमण. २ स्थूल मृषावाद विरमण. ३ स्थूल अदत्तादान विरमण. ४ स्थूल मैथुन विरमण. ५ परिग्रह प्रमाण. ६ दिग् [दिसा] प्रमाण. ७ भोगोपभोग प्रमाण. ८ अनर्थदंड विरमण. ९ सामायिक. १० देशावकाशिक. ११ पोषधोपवास. १२ अतिथि संविभाग.

नोटः—इनमें ५ प्रथमके अणूव्रत, ३ गुणव्रत्त और ४ शिक्षा व्रत्त हैं।

व्रत करनेकी बारह तिथि एक मासकी.

दुज २, पंचमी २, अष्टमी २, एकादशी २, चर्तुदशी २, आमावस १, पूर्णिमा १.

तप बारह प्रकारका.

६ बाह्य—अनशन [उपवास करना], उणोदरि [आहार कम करना], वृति संक्षेप, रसत्याग, काय क्लेश [केश लोचादिक कष्ट सहन करना) संलीनता (अंगोपांगोको संकुचित रखना).

६ अभ्यन्तर—प्रायश्चित्त (आलोचना लेना), विनय, वैयावच्च, सज्झाय (स्वाध्याय करना), झाणं (ध्यान), उपसर्ग (काउसग्ग).

भावना बारह प्रकारकी

१ अनित्य भावना, २ अशरण भावना, ३ संसार भावना, ४ एकत्व भावना, ५ अन्यत्व भावना, ६ अशुचि भावना, ७ आश्रव भावना, ८ संवर भावना, ९ निर्जरा भावना, १० लोक

स्वरूप भावना, ११ बोधि दुर्लभ भावना, १२ धर्मके कथन करनेवाले अरिहंत।

बारह मासके नाम—कार्त्तीक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ, फाल्गुन चैत्र, वैशाख, ज्येष्ट, आषाढ, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन.

१३ प्रकारके पदार्थ.

धर्ममें विघ्न करनेवाले तेरह काठिये.

१ आलस्य २ मोह, ३ अविनय ४ अभिमान, ५ क्रोध, ६ प्रमाद, ७ कृपण, ८ भय ९ शोक १० अज्ञान, ११ विकथा १२ कौतुक १३ विषय.

१४ प्रकारके पदार्थ.

श्रावकके चौदह नियम.

१ सचित्तका प्रमाण.
२ द्रव्यका प्रमाण.
३ विकृति (विगई)का प्रमाण.
४ उपानह (जुत्ति आदिका) प्रमाण.
५ तांबूलका प्रमाण.
६ वस्त्र वगैरहका प्रमाण.
७ पुष्प आदिका प्रमाण.
८ वाहन गाडी घोडा आदि सवारीका प्रमाण.
९ शय्याका प्रमाण.
१० विलेपन (चन्दनादि) का प्रमाण.
११ ब्रह्मचर्य्यका प्रमाण.
१२ दिशाका प्रमाण.
१३ स्नानका प्रमाण.
१४ भोजन खानपानका प्रमाण.

चौदह गुणस्थान. १ मिथ्यात्व गुणस्थान, २ सास्वादन गुणस्थान, ३ मिश्र गुणस्थान, ४ अविरति सम्यक दृष्टि गुणस्थान, ५ देशविरति गुणस्थान, ६ प्रमत्त गुणस्थान, ७ अप्रमत गुणस्थान, ८ निवृत्ति (अपूर्व करण) गुणस्थान, ९ अनिवृति बादर गुणस्थान, १० सूक्ष्म संपराय गुणस्थान, ११ उपशान्त मोह गुणस्थान, १२ क्षीणमोह गुणस्थान, १३ सयोगी केवली गुणस्थान, १४ अयोगी केवली गुणस्थान.

सन्मूर्छिम जीवके चौदह स्थान—१ बडी नीतिमें, २ लघुनीतिमें, ३ नासिका के मैलमें, ४ कफमें, ५ वमनमें, ६ ६ पित्तमें, ७ रुधिरमें, ८ मांसमें, ९ वीर्यमें, १० शरीरके मैलमें, ११ मृत कलेवरमें, १२ स्त्री पुरुषके संयोगमें, १३ नगरके खालमें, १४ अशुचि स्थानमें.

---

१५ प्रकारके पदार्थ.

पंनराह तिथीयोके नाम—एकम, दूज, तीज, चौथ, पंचमी. छठ, सातम, आठम, नौम, दशम, ग्यारस, बारस, तेरस, चौदस, पूर्णिमा.*

पन्दरह कर्मादान–वाणिज्य, त्यागने योग्य—१ इंगाल कर्म, २ वन कर्म, ३ शकट कर्म, ४ भाडी कर्म, ५ फोडी कर्म,

* कृष्ण पक्षमें आमावस होती है.

६ दंत वाणिज्य, ७ लाख वाणिज्य, ८ रस वाणिज्य, ९ केश वाणिज्य, १० विष वाणिज्य, ११ यन्त्र पिलन कर्म, १२ निर्लाञ्छन कर्म, १३ दावाग्नि दान कर्म, १४ शोषण कर्म, १५ असती पोषण कर्म.

---

१६ प्रकारके पदार्थ.

सोलह संस्कार.

१ गर्भाधान संस्कार	९ अन्नप्राशन संस्कार
२ पुंसवन संस्कार	१० कर्णवेध संस्कार
३ जन्म संस्कार	११ केशवपन संस्कार
४ चंद्रार्कदर्शन संस्कार	१२ उपनयन संस्कार.
५ क्षीरासन संस्कर	१३ विद्यारंभ संस्कार
६ षष्ठि पूजन संस्कार	१४ विवाह संस्कार
७ सूचिकर्म संस्कार	१५ व्रतारोप संस्कार
८ दामकरण संस्कार	१६ अंतकर्म संस्कार

सोलह कषाय.

अनंतानुबंधी—क्रोद्ध, मान, माया और लोभ.
अप्रत्याख्यानी—क्रोद्ध, मान, माया और लोभ.
प्रत्याख्यानी—क्रोद्ध, मान, माया और लोभ.
संजल—क्रोध, मान, माया और लोभ.

---

१७ प्रकारके पदार्थ (सतरह प्रकारके संजम.)

५ माहाव्रत (प्राणातिपात विरमण. १ मृषवाद विरमण, २

अदत्तादान विरमण, ३ मैथुन विरमण ४ परिग्रह विरमण ५) १ क्रोद्ध, २ मान, ३ माया, ४ लोभ तथा पांच इन्द्रियोंके विषयसें निवृत्ति, १ मन दंड, २ वचन दंड, ३ काय दंड, का त्याग.

१८ प्रकारके पदार्थ (अठारह पापस्थान.)

१ प्राणातिपात (हिंसा)	१० राग (प्रीति)
२ मृषावाद (असत्य)	११ द्वेष (अप्रिति)
३ अदत्तादान (चोरी)	१२ कलह (क्लेश)
४ मैथुन (स्त्रीसंग)	१३ अभ्याख्यान (कलंक)
५ परिग्रह (ममता)	१४ पैशुन्य (चुगली)
६ क्रोद्ध (गुस्सा)	१५ रति अरति (खुशी व रंज)
७ मान (अहंकार)	१६ परपरिवाद (परनिन्दा)
८ माया (छलकपट)	१७ मायामृषावाद (कपट सहित झूठ बोलना)
९ लोभ (लालच)	१८ मिथ्यात्व शल्य (देव गुरु धर्मका अश्रद्धान)

(१) शिक्षाकें वचन.

जो लडका विद्या पढनेमें आलस्य करता है, वह सब जगह धिक्कार पाता है। माता पितादि गुरुजनोंकी भक्ति तनमनसें करना चाहिये। मांस मच्छी भक्षण करनेवाले म्लेच्छ सरीखे होते है। वाग्दान (भरोसा) देकर निराश करना नीचोंका काम है। गोदुग्धकी बराबर शरीरको हितकारी और कोई पदार्थ

नहीं है। हिंसा चोरी झुंट कुशील और परिग्रहके त्यागीको राज्य दंडकी शंका (भय) नही है। दासत्वशृंखलासे जेलखानेकी बेडी अच्छी है। सतसंगतिके गुणोकी संख्या कोई नहीं कर सकता। गुरुजनोंकी आज्ञा उल्लंघन करनेवाले विपत आनेपर पछताते है। सच्चरित्र पुत्र ही कुलका मंडन है। पहरनेके कपडे व रहनेका घर सदैव स्वच्छ रखना चाहिये। याचना करनेसे मर जाना अच्छा है। औरतोंका प्रधान गहना शील और लज्जा है। ज्ञानदान, औषधदान, अभयदान, व आहारदान इन चारो दानोमेंसे ज्ञानदान ही मुख्य दान है। लोभी गुरु केवलमात्र धर्म और धनके वंचन (ठग) होते है। परद्रव्य ग्रहन करनेकी वांछा स्वप्नमें भी नहि करना चाहिये। सुशील बालक सबका मनोरंजन करता है। झञ्झामें घरसे बाहर होना उचित नहीं। अट्टहास करना बहुत बुरा कुलक्षण है। चिट्ठी लिखकर एकबार जरूर पढलिया करो।

२ शिक्षाके वचन.

कमसे कम दो घण्टे तो उत्कण्ठापूर्वक सबको ही कुछ न कुछ पढते रहना चाहिए। मूर्खजन ही विद्या और धनका घमण्ड करते हैं। घर आए शत्रुका भी आदर सत्कार करना चाहिए। उत्तम लडके वे ही हैं, जो विद्या पढना शुरू करके अधबीचमें नहीं छोडते। हितकारी आज्ञा बच्चेकी भी उत्था-पन करना उचित नहीं। दान सत्पात्रको ही देना चाहिए।

1 विद्यादान. २ वर्षासहित हवामें.

सत्संगति और दयामय धर्म कदापि नहिं छोडना चाहिए। लोकमें जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल ये छह द्रव्य (पदार्थ) ही हैं। अपने मुखसे अपने तो गुण और परके अवगुण कदापि उद्घाटित (प्रकट) नहिं करना चाहिए। जैन पाठशालाओंका उद्देश (अभिप्राय) बालकोंको सरलताके साथ नैतिक धार्मिक लौकिक शिक्षा देनेका होना चाहिए। सच्चे देव सच्चे गुरु और अहिंसामय सनातन धर्मका श्रद्धान करना (मानना) सो सम्यग्दर्शन है ' श्रीकृष्ण और बलदेवमें अद्भुत भ्रातृस्नेह था। जिसका कभी अन्त न हो, उसको अनन्त कहते हैं। आज कलके अनेक लोभी गुरु भोले जीवोंको कुपंथमें चलानेवाले होते है। चन्दनचर्चित प्रतिमाके कभी दर्शन नहिं करना पक्षपात करना है। निःसहाय अन्ध कुब्जकी (पंगुलोंकी) सहायता करनेमें बडा पुण्य है। जो सर्वज्ञ, वीतरागी (अठारह दोषरहित) और सबका हितकारी हो, वही सत्यार्थ आप्त (सच्चादेव) है। प्राकृत भाषामें आत्माका अप्पा, आदा और कल्पामरका कप्पामर हो जाता है। ईप्सितकार्य (मनोवांछितकार्य) उत्तम यत्नके विना सफल नहिं होता।

३ शिक्षाके वचन.

अपशब्द व्यवहार करना अभद्रताका सूचक है। आरब्ध (प्रारम्भ किये हुये) कार्यको अधवीचमे छोडदेना कायरोंका काम है। सम्पदावालोंके प्रायः सब ही दास हो जाते है। मातापिताओंके भले बुरे आचरण सन्तानरूपी दर्पणमें प्रतिबि-

म्बित होतें है। लोकनिन्दाके भयसे उत्तम कार्योंको प्रारम्भ नहि करते, वे बडे मूर्ख है। संवादपत्रोंके पढनेसे घर बैठे सब मुल्कोंकी खबरें मिलती है और अनेक प्रकारके लाभ होते है। फाल्गुन और चैत्र मासको वसंत ऋतु कहते है। पढतें समय अल्पसी भी गल्प (गप्पें) करना नहि चाहिये। विपत्तिमें प्रगल्भता (हिम्मत) ही काम आती है। समस्त दुश्चरित्रोंका (कुव्यसनोंका) राजा जूवा व्यसन है। कपट करके छिपा लेना, बडा दुष्कर कार्य्य है इसकारण मनुष्यको निरन्तर निष्क पटता पूर्वक ही रहना चाहियें। जो हर समय परका अहनि चिंतवन करते है, वे बडे दुष्ट होते है। ज्येष्ठ वैशाखकी गर्म-धुपसे अपनेको बचाते रहो। विद्या पढनेका परिश्रम निष्फल नहि जाता। संस्कृत भाषा समस्त भाषाओंकी माता है। जो कोई जीव अजीव पुण्य पाप स्वर्ग नर्क और बन्ध मोक्षको नहि मानते, उनको नास्तिक कहते है। स्वस्थ अवस्थामें ही बुद्धि स्थिर रहती है। धरमें परस्पर (आपसमें) मेल रख-नेसे ही घरकी शोभा और सबको सुख की प्राप्ति होती है।

(४) शिक्षाके वचन.

विचारमें मग्न हुए विना तीक्ष्णबुद्धि नहि होती। अपत्य-यीके घरपर लक्ष्मी नहि ठहरती आकांक्षा ही दुःखका असाधा-रण लक्षण है। अपने परिणाम निरन्तर उज्ज्वल रखने चाहिये। पुत्रके पुत्रको पौत्र कहते है। आलस्य करनेसे महात्मा-ओंका भी महत्त्व नष्ट होजाता हैं। सच्चे महात्माओंका माहा-

त्म्य छिपा नहिं रहता। आज कल यन्त्र तंत्र मंत्र करनेवाले प्रायः ठग होते है। शोकाकुल व्यक्तिको सान्त्वना करके स्वस्थ करना चाहिये। स्त्रियें विना कारण ही द्वन्द्व कर बैंठती है। पतिव्रता स्त्रियोंको इन्द्र भी नमस्कार करता है। व्रती श्रावकको प्रातः काल और सन्धासमय अवश्य ही सन्ध्याबन्दन [सामायिक] करना चाहिये। सम्प्रति स्त्रीशिक्षाके प्रचारसे ही जात्युन्नति व धर्मोन्नति हो सकती है। भ्रम हो जानेको सम्भ्रान्ति कहते हैं। चतुर लडके निरन्तर पढने लिखनेकी ही चर्चा किया करते हैं। सांसारिक कार्य्योंमें ही मूर्छित हो जाना उचित नहीं अर्थात दो चार घंटे पारमार्थिक कार्य्य (धर्म कार्य्य) भी करने चाहिये। अन्यायसे उपार्ज्जन किया हुआ धन शीघ्र ही नष्ट हो जाता हैं। निर्दिष्ट समयपर भोजन शयनादि करनेसे रोग नहिं होता। सबके सुखवर्द्धनका उपाय निरंतर सोचते रहना चाहिये। तनमनधनसे परोकार करना ही परम धर्म है। तनमनवचनसे परधनहरणके त्यागको अचौर्य्यव्रत कहते है। बालकपणमें समस्तकार्य्य छोड विद्योपार्ज्जन करना ही सर्वापेक्षा मुख्य कर्त्तव्य है। दुष्प्राप्य विषयकी आशा करना निष्प्रयोजन है। जो स्त्रियें धर्मशास्त्र नहिं पढतीं वे कदापि सदाचारिणी, पतिव्रता और सुखी नहिं हो सकतीं।

—:०:—

(५) शिक्षाकें वचन.

किसी जीवको क्लेश देकर क्लेशित करना समझदारोंका

७

काम नहिं है । रोगीको देखकर ग्लानि करना अनुचित है । राज्यकर्मचारियोंके अत्याचारोंसे ही राज्यमें विप्लव (उपद्रव) होते हैं । प्रियपुत्रका म्लान मुख देखनेसे माताको बडा क्लेश होता है । बहुतसे मूर्ख होलीके दिनमें अश्लील (फाटे) वचन बोलकर बडे आह्लादित होते हैं परन्तु तुम कदापि अपने मुहसे गाली वगैरह अश्लील वचन नहि बोलना ।

कथा पहिली–सोहन.

सोहन नामका लडका एक दीन तीन लडकोंके साथ किसी बागमें गया था । सोहनकी उमर सात वर्षकी थी । उस बागमें गुलाबके पेडपर एक बहुत ही सुन्दर फूल लगा था । उसको देख कर एक लडकेने कहा कि–चलो वह अपन फूल तोड लें । यह सुनकर सोहनने कहा कि " भाई ! उस दिन पिताजीने कहा था कि बिना दिये परका द्रव्य लेना सो चोरी है । चोरी करना बडा पाप है । तुम जा यह फूल लेवोगे, तो यह चोरी करना हुवा । सो भाई इसप्रकार पराई चीजपर लोभ करोगे तो तुमको कोई भी प्यार नहिं करेगा । "

जिसका बाग था, वह भी वहांपर मौजूद था परन्तु उन लडकोंनें उसको नहिं देखा था । उस छोटेसे लडकेके मुखसे यह बात सुनकर बागके मालिकने सोहनको झट गोदीमें उठा लिया और प्यार करके वह फूल उसको देकर कहा कि " तुने अपनें पिताके उपदेशानुसार काम किया, इसकारण यह फूल तुझे इनाममें देता हूं । "

कथा दुसरी–गधा और बैल.

एक गधेकी पीठ पर खांडकी (शकर) बोरी लदी हुई थी। वह मार्गमें चलते हुये किसी कांटेवाले घासको खाने लगा उसे कांटे खाते देखकर एक बैलने कहा कि भाई ! तेरी पीठपर बहुतसी मीठी खांड लदी हुई है तो भी तू ये कांटे क्यों खाता है ?

यह सुनकर गधेने गंभीरताके साथ जबाब दिया कि हां भाई ! मेरी पीठपर बहुतसी खांड लदी है तथा वह मीठी भी है। परन्तु यह मेरे लिये नहीं है। जिसके लिये है, उसीको इसमें स्वाद आयेगा मुझे इससे क्या प्रयोजन ? मुझे तो यह घास ही खानेको मिला है। इसके खानेमें जो मुझे आनन्द है, उसे मैं इस खांडसे सौगुणा मीठा समझता हूं। इस जबाबके सुननेसे बैल चुप हो गया।

हे बालको ! इस कहानीसे यह शिक्षा लेनी चाहिये कि सुख तथा आनन्द जो सन्तोषमें है, वह किसीमें भी नहीं है इस कारण तुमको चाहिये–कि तुमारे माता–पिता जैसा तुमको खाने तथा पहरनेको दें उसीमें सन्तोष मान कर प्रसन्नतासे रहो। दूसरेकी देखादेखी–अधिककी आशा कदापि मत करो।

कथा तिसरी–सेठके पांच पुत्र.

एक सेठके पांच पुत्र थे, वे बडे मूर्ख थे। इस कारण हर एक बातपर आपसमें लडते झगडते थे। उनका पिता अपने पुत्रों को बहुत समझाया करता था, परंतु वे एक नहिं सुनते

थे। जब उनका पिता मरने लगा तब पांचों पुत्रोंको बुलाकर उन्हें एक कच्चे सुतकी लच्छी (आटी) दी और कहा कि लडको ! तुम सब इसपर अपने अपने बलकी परीक्षा करो अर्थात् अपने बलसे इस लच्छीके दो टुकडे कर डालो। प्रत्येकने उस आटीको अपने बल पूर्वक तोडना चाहा परंतु किसीसे भी नहिं टूटी। तब पिता ने कहा कि देखो कच्चे सूतका तार कितना कमजोर होता हैं, परंतु बहुतसे सूत मिलकर कैसे बलवान् हो गये इसी प्रकार यदि तुम लोग जुदे जुदे रहकर आपसमें लडते रहोगे, तो तुमको हरकोई दबा लेगा और यदि तुम पांचो भाई मिलकर रहोगे और एकके दुखमें अपनेको दुःखी मान हर तरहसे उसको सुखी करनेकी कोशिस करते रहोगे, तो तुमको बहुत ही आनंद प्राप्त होगा और कोई भी शत्रु तुम्हारा कुछ नहिं कर सकेगा। अपने पिताकी यह बात सुनकर पांचो भाई बडे खुश हुए और पिताके मरने पीछे आपसमें मेलसे रहकर सुखसे काल व्यतीत करने लगे।

हे बालको भाईके बराबर अपना हितैषी और कोई भी नहीं हो सकता, इसकारण तुम हमेशह अपने भाइयोंसे तथा साथके पढनेवाले मित्रोंसे प्रीति रखते रहो।

कथा चौथी–वाघ और बकरीका बच्चा.

एक नालेपर एक वाघ पानी पी रहा था। वहां पर एक बकरीका बच्चा भी पानी पीनेको आया सो दुरसे वाघको देखकर डरा और नालेके नीचेकी तरफ बहुत दूर जाकर पानी

पीने लगा । उसको बाघने देखा तो उसके मनमें आया कि इस बकरीके बच्चेको मारकर खाना चाहिये । परन्तु उसे अपराधी ठहराकर मारना चाहिये, ऐसा विचार करके वह बाघ बकरीके बच्चेके पास गया और उससे बोला कि–क्यों बे ! तूं देखता नहीं कि इधर हम पानी पी रहे हैं तू पानी गदला किये देता है ? तब बकरीका बच्चा घबडाकर हाथ जोडके बोला कि–हुजूर आप तो ऊपरकी तरफ पानी पी रहे थे और मैं नीचेकी तरफ पी रहा हूं, आपका पीया हुआ पानी मेरी तरफ बहकर आता है मेरी तरफका पानी ऊपरकी तरफ कैसे जा सकता है ?

तब बाघ निरुत्तर होकर थोडी देर सोचकर दुसरा दोष लगानेके लिये बोला कि–तू एक वर्ष पहिले मुझे गालियां देता था और मेरी निंदा करता था । तब बकरीका बचा बोला कि-हुजूर मुझे पैदा हुये तो अभी चार महिने भी पुरे नहिं हुये,एक वर्ष पहिले मैं आपको गाली किस प्रकार दे सकता था ?

जब इस बार भी बाघ निरुत्तर होगया तो उसे बडा क्रोध आया और बोला कि एक वर्ष पहिले तू नहीं था तो तेरा पिता अथवा चचा होगा ऐसा कहकर उस बे कसूर बकरीके बच्चेको मार डाला और खा गया ।

इस कहानीका अभिप्राय यह है कि–जबरदस्तके सामने न्याय वचन वा सियानपन नहिं चल सकता । यदि दुष्ट मनुष्योंके साथ ऐसा अवसर आन पडे तो चुप रहनेके सिवाय और कोई उपाय नहीं है ।

कथा पांचवी–प्रत्युपकार।

एक सिंह गर्मीके दिनोंमें वृक्षकी छायामें सो रहा था। उसके शरीरपरसे अनेक चूहे इधरसे उधर जा रहे थे। इतनेमें सिंह जाग उठा, तब उसने एक चूहेको पकड लिया। चूहेने अतिशय दीनताके साथ प्रार्थना की कि हुजूर! मैं बहूत क्षुद्र जन्तु हूं मेरा यह अपराध क्षमा कीजिये। सिंहको दया आ गई, और उसने चूहेको छोड दिया। चूहेने जाते समय यह कहा कि आप कभी दुःखमें पडेंगे तो मैं भी आपका दुख टालूंगा, क्योंकि आपने मुझे जीवनदान दिया है सिंहने हंसकर मन ही मन कहा कि, इस छोटेसे जीवको कितना घमंड है? भला! यह मेरा दुख क्या टालेगा इस विचारेको मेरे सामर्थ्य का ज्ञान नहीं है कि मैं समस्त बनका राजा हूं।

एक समय ऐसा संयोग बना कि उसी वृक्षके नीचे किसी शिकारीने सिंहको फंसाकर मार डालनेके लिये जाल डाल दिया सिंह सदाकी तरह वहां आया, और आते ही जालमें फंस गया। उस जालसे छुटनेके लिये ज्यों ज्यों वह जोर करता था त्यों त्यों उस जालमें अच्छी तरह जकडता जाता था। जिससे चारों पांव हिलानेमें असमर्थ होकर उसने जीनेकी आशा छोड दी और बडे जोरसे चिल्लाने लगा। तब उसका शब्द सुनकर वही चूहा वहां पर दौडा हुआ आया और अपने जीवदानदाता सिंहको महा कष्टमें पडा देखकर उसने मनमें विचारा कि–उस दिनके मेरे जीवदानके फल देनेका यही अवसर है। तब सिंहसे कहा कि महाराज! घबडाइये नहीं

आपका दास हाजिर हो गया है इससे जो कुछ सेवा बनेगी सो करेगा। फिर उसने वह जाल अपने दांतोंसे काटकर सिंहको छुडा दिया।

सिंहने मन ही मन विचार किया कि उसदिन में इस चूहे-की बातपर हंसा था, परंतु अब मेरे ध्यानमें आया कि समय पर तिनका पराक्रम भी काममें आता है।

इस कहानी परसे यही शिक्षा लेनी चाहिये कि दुनियांमें किसीको छोटा नहीं समझना। समयपर सब ही काम आते हैं। इसके सिवाय अपने साथ किसीने उपकार किया होतो उसको कदापि नहि भुलना चाहिये और दुखके समय यथाशक्ति तन मन धन से साहयताकर उसका दुख दूर करनेमें तत्पर रहना चाहिये।

स्त्रीयोकुं शिक्षा. (कविता)

राग कवाली—नजर टुंक मेहर की करके ए चाल ॥
करो तुम ध्यान शिक्षापे, यही विनति हमारी है
उठो बहनो पढो विद्या, इसी में लाभ भारी है (टेक)
विगर विद्या तुमारा नाम, अबला है अरी बहनो
बनो सबला तजो आलस, कहै भारत की प्यारी है ॥ १ ॥
कहाती पंडिता देवी, यदि तुम पढती विद्या को
भलाई तुम में सब आती, नः कहते मूर्ख नारी है ॥ २ ॥
समझते तुम को सब दासी, नः करते आब आदर कुछ

पढी ना एक भी विद्या, इसीसे बहुत खुवारी है ॥ ३ ॥
अरी बहनो सुनो विनती, पढो विद्या चलो ढंग पै
कुरीती सब तरह त्यागो, यही मरजी हमारी है ॥ ४ ॥
न गावो गालियां मुख से, न देवो तालीयां कर से
हंसो मत खिल खिलाकर तुम, इसी में लाज भारी है ॥५॥
पढो इतिहास सीता का, कहा क्या उसने रावण को
अरे मूरख दूराचारी, सती से विश्वहारी है ॥ ६ ॥
उछल कर कूद कर चलना, धमक के साथ ही उटना
अधरमी बात को करना, तुम्हारे हक में खुवारी है ॥ ७ ॥
अरी बहनो पढो विद्या, धर्म को जिस से तुम जानो
अविद्या के सबब से हम पै, सब ने तान मारी है ॥ ८ ॥
बको मत माता के आगे, बको मत बाप के आगे
हंसो मत गैर के सम्मुख, इसी में पाप भारी है ॥ ९ ॥
करो भक्ती श्री जिन की, डरो मत स्यानें भोपों से
कहे तुम को सभी सज्जन, यह लडकी धर्मधारी है ॥ १० ॥
यदी तुम चाहो गाने को, तो गावो पंच कल्याणक
सने कहवे हर्ष करके, देखो भाई जैनी नारी है ॥ ११ ॥

समाप्त.

पुस्तकोनी जाहीर खबर.

नंबर.	पुस्तकनुं नाम	किंमत रु. आ. पै.	पोस्ट पेकिंग रु. आ. पै.
१	चैत्यवंदन स्तुति स्तवनादी संग्रह	०—१०—०	०—२—६
२	चैत्यवंदन स्तुति स्तवनादी संग्रह भाग पहेलो	०—६—०	०—२—०
३	" " भाग त्रीजो आवृति बीजी	२—०—०	०—८—०
४	दंडकादी (४१) द्वार पाकापुठानी	०—६—०	०—३—०
५	" " काचापुठानी	०—४—०	०—२—६
६	सुक्त मुक्तावली पाकापुठानी	१—०—०	०—४—०
७	श्री शत्रुंजय महा तीर्थादि यात्रा विचार पाका पुठानी	०—६—०	०—२—०
८	" " काचापुठानी	०—४—०	०—२—०
९	" " गुजराती टाईपनी	०—४—०	०—२—०
१०	संगीत स्तवनावळी भाग पहेलो	०—२—०	०—०—६
११	गुंहली संग्रह भाग पहेलो	०—१—०	०—०—६
१२	अष्टप्रकारी तथा स्नात्र पूजा	०—३—०	०—१—०
१३	शुद्धदेवगुरु धर्मनी सेवा उपासना	०—४—०	०—१—६
१४	बाळपोथी शास्त्री टाईपनी	०—२—०	०—१—०
१५	पहेली चोपडी " " "	०—४—०	०—१—६

सूचना—(१) एक नकल मंगावनारे अथवा एक रुपीयाना किंमत सुदी मंगावनारे किंमत अने पोष्ट खर्च लख्या प्रमाणे पैशा पोष्ट टीकिट अथवा मनी-आर्डरथी मोकलवा. व्ही. पी. थी मंगववा नहीं. (२) वधारे किंमतना मंगावनारे चोथाइनी रकम डीपाझीट तरीके आगाउ मोकलवी. एटले बाकीना रकमनी व्ही. पी करवामां आवशे. (३) जुवाप मंगावनारे रीप्लाय कार्ड अथवा पोष्ट टीकीटो मोकलवां. ते शिवाय जुवाब मोकलाशे नही (४) अमारो बुकसेलरनो धंदो नथी फक्त ज्ञानखातामांथी छपायेला पुस्तकोमां नियमप्रमाणे भेट अपायछे. अने वेचाय तेना आवेली रकममां पाछा बीजा पुस्तको छपाय अथवा ज्ञानखातामां वपराय छे. अमारो पोतानो बीजो काइ पण स्वार्थ नथी. अने द्रव्य प्राप्ती करवानो उद्देश पण नथी. परमार्थ बुद्धीथी काम करीये छीये.

वेताळ पेठ घर नं. ३५६. } शिवनाथ लुंबाजी-जैनपुस्तकालय
मु० पुना सिटी. } पोरवाल ॲन्ड कंपनी.

नम्र विनंती.

सरवे सुज्ञ बंधुओने नम्र विनंती करवामां आवेछे के म्हेसाणा श्री जैन श्रेयस्कर मंडळ तरफथी "श्री जैन शाळोपयोगी शिक्षणमाळा नामथी" बाळ पोथी, पहेली चोपडी, बीजी चोपडी अने त्रीजी चोपडी एम च्यार पुस्तको गुजराती टाईपमां प्रसिद्ध थइ छे. तेमांथी बाळपोथी अने पहेली चोपडीनी शास्त्री टाईपमां आवृत्ति अमारा देखरेख निचे जे भाग्यशाळी सद्गृहस्थो तरफथी प्रसिद्ध थई छे. तेमां तेओने अमो अमारा तन मनथी निस्वार्थपणें मदत आपी छे. तेथी आ बे पुस्तकोमां अमारी अल्प बुद्धीथी कांइ भुल थइने अशुद्धी रही होय अथवा बीजी पण कांइ खामी रही होय तो सज्जनोए प्रसिद्ध कर्ताने अथवा अमने लखी जणाववाथी तेनो बीजी आवृत्तिनो प्रसंग मावशे तो ते वखते तेनो उपयोग करवामां आवशे. आ बे पुस्तको छपावनारे पोताना स्वार्थवास्ते अथवा द्रव्यप्राप्ती करवाना इच्छाथी छपावेली नथी. परोपकारना लीधे पोताना द्रव्यनो ज्ञान खाते सदुपयोग करवा छपावेली छे. जो पण आ पुस्तकोनी किंमत राखेलीछे. तो पण योग्यता प्रमाणे भेट पण आपवानी इच्छा छे. अने वेचाणनी आवेली रकमनो पाछो ज्ञानखातामांज उपयोग करवानी इच्छा प्रसिद्ध कर्तानी छे. हवे बीजी अने त्रीजी एम बे पुस्तकोनी शास्त्री टाइपमां आवृत्ति कोइने पोताना द्रव्यथी प्रसिद्ध करवानी इच्छा हशे तो तेमने अमो अमारा तन मनथी मदत आपी एमना नामथी प्रसिद्ध करावी आपीशु एज विनंती.

वेताळ पेठ घर नं० ३५६ पुना सिटी	शाह शिवनाथ लुंबाजी पोरवाल.